RPSC स्कूल व्याख्याता (संस्कृत शिक्षा) पेपर II राजनीति विज्ञान 2024

150 सवाल · सही उत्तर ✓ से चिह्नित · testline.in

Q.1

निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
(I) 74वाँ संविधान संशोधन अधिनियम 25 अप्रैल, 1993 से लागू हुआ।
(II) 74वें संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा शहरी स्थानीय निकायों को 12वीं अनुसूची में सूचीबद्ध 18 कार्यों को करने का अधिकार दिया गया।
सही विकल्प चुनिए :

(A) केवल कथन (I) सही है।
(B) केवल कथन (II) सही है। ✓
(C) कथन (I) और (II) दोनों सही हैं।
(D) कथन (I) एवं (II) दोनों सही नहीं हैं।

Q.2

निम्नलिखित में से कौन सी एक विकासशील राज्यों में नियम-अधिनिर्णय की विशेषता नहीं है ?

(A) यह केवल सिद्धांत रूप में स्वतंत्र और पृथक है। ✓
(B) यह सही अर्थों में राजनीतिक पद्धति का हिस्सा नहीं है।
(C) इसे नीति निर्माण में कोई भूमिका निभाने से प्रतिबंधित किया गया है।
(D) नियम अधिनिर्णय प्रक्रियाओं में स्थिरता और निश्चितता होती है।

Q.3

निम्नलिखित में से किस विद्वान ने कहा कि किसी भी वितरण का न्यायपूर्ण या अन्यायपूर्ण होना उन वस्तुओं के सामाजिक अर्थ से जुड़ा होता है, जिनका वितरण किया जा रहा है ?

(A) रोनॉल्ड ड्वोर्किन
(B) माइकल वॉल्ज़र ✓
(C) डेविड मिलर
(D) डी. टॉकविल

Q.4

एक बालक अपने अभिभावकों का गुस्सा अपने छोटे भाई पर प्रतिबिंबित करता है, यह उदाहरण है -

(A) प्रतिक्रियाकरण
(B) प्रतिगमन
(C) प्रक्षेपण
(D) विस्थापन ✓

Q.5

संयुक्त राज्य अमेरिका के निम्नांकित में से किस राष्ट्रपति ने प्रथम बार 'एक नई विश्व व्यवस्था' के उदय की घोषणा की थी?

(A) जॉर्ज एच.डब्ल्यू. बुश (सीनियर) ✓
(B) बिल क्लिंटन
(C) जिम्मी कार्टर
(D) बराक ओबामा

Q.6

वह प्रोग्राम जो कम्प्यूटर को संचालित करने के लिए आवश्यक है, कहलाता है -

(A) हार्डवेयर
(B) सिस्टम सॉफ्टवेयर ✓
(C) कोर्सवेयर
(D) एप्लिकेशन कोर्सवेयर

Q.7

निम्नांकित में से कौन रोमानियाई क्रान्ति (1989) के दौरान रोमानिया समाजवादी गणराज्य का राष्ट्रपति था ?

(A) जेनोस जोज़ेफ कादर
(B) एर्नो गेरो
(C) निकोलाइ चाउसेस्क्यू ✓
(D) एलेक्जेन्डर डुबचेक

Q.8

सहयोगी अधिगम प्रविधियों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन सा युग्म गलत है ?

(A) जीगसा प्रविधि - एरोसन
(B) लर्निंग टुगेदर - जॉयस एंड व्हील ✓
(C) स्टूडेंट टीम लर्निंग प्रोग्राम - स्लाविन
(D) ग्रुप इन्वेस्टिगेशन - शरण एवं शरण

Q.9

निम्नांकित विद्वानों में से, किसने माइकल ऑकशॉट की विचारधारा को 'निवृत्तिवाद' कहा है?

(A) एरिक वोगेलिन
(B) हन्ना आरेन्ट
(C) लियो स्ट्रॉस ✓
(D) हेनरी केरील

Q.10

भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से कौन से प्रावधान संसद के साधारण बहुमत से संशोधित किए जा सकते हैं ?

(I) राज्य विधान परिषद का निर्माण या उसकी समाप्ति
(II) पाँचवीं अनुसूची - अनुसूचित क्षेत्रों एवं अनुसूचित जनजातियों का प्रशासन
(III) उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय
(IV) संसद में राज्यों का प्रतिनिधित्व

सही उत्तर चुनिए :

(A) केवल (III) और (IV)
(B) केवल (I), (II) और (IV)
(C) केवल (II), (III) और (IV)
(D) केवल (I) और (II) ✓

Q.11

निम्नलिखित विचारकों में से किसने अंतर्राष्ट्रीय अराजकता के पारंपरिक सिद्धांत के स्थान पर 'अराजक समाज' की धारणा को आगे बढ़ाया ?

(A) वुडरो विल्सन
(B) माइकल डब्ल्यू. डॉयल
(C) केनेथ नील वाल्ट्ज़
(D) हेडली बुल ✓

Q.12

एरिक्सन के मनो-सामाजिक सिद्धान्त में कौन सा मनो-सामाजिक संकट स्वायत्तता बनाम लज्जाशीलता एवं शंका से पहले एवं बाद में आता है ?

(A) पहल बनाम दोष तथा परिश्रम बनाम हीनता
(B) परिश्रम बनाम हीनता तथा पहचान बनाम भूमिका संभ्रान्ति
(C) बेसिक विश्वास बनाम अविश्वास तथा पहल बनाम दोष ✓
(D) बेसिक विश्वास बनाम अविश्वास तथा परिश्रम बनाम हीनता

Q.13

संघवाद के प्रारूपों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :
(i) साम्यवादी राज्य, तत्कालीन यू.एस.एस.आर., चेकोस्लोवाकिया और यूगोस्लाविया को 'छद्म संघ' कहा जाता था क्योंकि औपचारिक विभाजन के मुखौटे के पीछे वैचारिक और बलपूर्वक दोनों तरह से सत्ता का अत्यधिक केंद्रीकृत और परिष्कृत नियंत्रण था।
(ii) 'मार्बल केक संघवाद' शब्द का इस्तेमाल न्यू डील विधानों तक अमेरिका में संघीय विकास का वर्णन करने के लिए किया जाता था।
ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(A) केवल (i)
(B) केवल (ii)
(C) (i) और (ii) दोनों ✓
(D) न तो (i) और न ही (ii)

Q.14

निम्नलिखित में से कौन से क्षेत्र शिक्षा मनोविज्ञान से सम्बन्धित अधिगमकर्ता पक्ष में सम्मिलित हैं ?
(i) अधिगम के लिए अभिप्रेरणा
(ii) विद्यार्थियों का व्यक्तित्व
(iii) बुद्धि
(iv) अधिगम समस्याओं का निदान
(v) मनोवैज्ञानिक समस्याएँ
(vi) व्यक्तिगत विभिन्नताएँ
नीचे दिये गये कूटों का उपयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए :

(A) (i), (ii), (iii) और (iv) ✓
(B) (ii), (iii), (v) और (vi)
(C) (iii), (iv), (v) और (vi)
(D) (i), (iv), (v) और (vi)

Q.15

भारत में दलीय व्यवस्था के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
(i) शिरोमणि अकाली दल की स्थापना 1925 में हुई।
(ii) शिरोमणि अकाली दल ने पाकिस्तान की माँग का कड़ा विरोध किया था।
(iii) तेलुगु देशम् पार्टी आन्ध्रप्रदेश में फरवरी 1984 में अस्तित्व में आयी।
कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए :
कूट :

(A) केवल (i) सही है।
(B) केवल (ii) सही है। ✓
(C) केवल (ii) तथा (iii) सही हैं।
(D) (i), (ii) तथा (iii) सभी सही नहीं हैं।

Q.16

किसने तर्क दिया है कि वैश्वीकरण के कारण राष्ट्र-राज्य एक 'पुरानी कल्पना' बन गया है ?

(A) थेडा स्कोपोल
(B) केनेथ ओहमे ✓
(C) जॉन ग्रे
(D) एम. मान

Q.17

निम्नांकित में से किसका समर्थन जवाहरलाल नेहरू द्वारा नहीं किया गया है ?

(A) संसदीय लोकतंत्र
(B) न्यूनतम हस्तक्षेपवादी राज्य ✓
(C) स्तरीकृत कर व्यवस्था
(D) सामाजिक परिस्थितियों में धीमा परिवर्तन

Q.18

भारतीय राज्य और विधान सभा सीटों के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही नहीं है ? **(राज्य) (विधान सभा सीटें)**

(A) कर्नाटक - 226 ✓
(B) केरल - 140
(C) मध्य प्रदेश - 230
(D) महाराष्ट्र - 288

Q.19

भारतीय संविधान की प्रस्तावना के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
(I) यूनियन ऑफ इंडिया बनाम मदन गोपाल मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने निर्णय दिया कि प्रस्तावना को न्यायालय में प्रवर्तित किया जा सकता है।
(II) बेरुबाड़ी यूनियन के मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि जहाँ संविधान की भाषा में संदिग्धता होती है वहाँ प्रस्तावना संविधान के विधिक निर्वचन में सहायता करती है।

(A) केवल कथन (I) सत्य है।
(B) केवल कथन (II) सत्य है। ✓
(C) कथन (I) एवं (II) दोनों सत्य हैं।
(D) कथन (I) एवं (II) दोनों असत्य हैं।

Q.20

आसियान के चार्टर के अनुच्छेद 1 में उल्लेखित उद्देश्यों में निम्नलिखित में से कौन सा सम्मिलित नहीं है ?

(A) शांति, सुरक्षा और स्थिरता को बनाए व बढ़ाये रखना ।
(B) दक्षिण-पूर्व एशिया को परमाणु हथियार मुक्त क्षेत्र के रूप में संरक्षित करना ।
(C) यह सुनिश्चित करना कि आसियान के लोग और सदस्य देश विश्व के साथ न्यायपूर्ण, लोकतांत्रिक और सामंजस्यपूर्ण वातावरण में शांतिपूर्वक रहें ।
(D) आसियान सदस्य देशों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करें । ✓

Q.21

जिस पुनर्बलन अनुसूची में प्राणी को प्रत्येक उपयुक्त अनुक्रिया को करने के बाद पुनर्बलन मिलता है, उसे कहा जाता है -

(A) आंशिक पुनर्बलन अनुसूची
(B) सतत् पुनर्बलन अनुसूची ✓
(C) अंतराल पुनर्बलन अनुसूची
(D) अनुपात पुनर्बलन अनुसूची

Q.22

गुट-निरपेक्ष आंदोलन की औपचारिक स्थापना कब हुई ?

(A) 1951
(B) 1955
(C) 1961 ✓
(D) 1962

Q.23

निम्नलिखित में से कौन सी तकनीकी कम्प्यूटर सहाय अनुदेशन में आयोजित अनुदेशनात्मक गतिविधियों के क्रियान्वयन के लिये जिम्मेदार है ?
(a) हार्डवेयर (b) सॉफ्टवेयर (c) कोर्सवेयर नीचे दिये कूट का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए :

(A) केवल (a)
(B) केवल (b)
(C) (a) तथा (b)
(D) (a), (b) तथा (c) ✓

Q.24

निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैं ?
I. अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष फंड तीन स्रोतों - सदस्य कोटा, बहुपक्षीय और द्विपक्षीय उधार समझौतों से आता है ।
II. द्विपक्षीय उधार अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष फंडिंग का प्राथमिक स्रोत है ।
III. बोर्ड ऑफ गवर्नर्स अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष का सर्वोच्च निर्णय लेने वाला निकाय है ।
IV. अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष धीरे-धीरे अपनी नीति सलाह में जलवायु संबंधी जोखिमों और अवसरों को मुख्यधारा में शामिल कर रहा है ।

(A) केवल I, II और IV
(B) केवल II और III
(C) केवल I, III और IV ✓
(D) केवल I और III

Q.25

सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनें :

सूची-I (भारतीय संविधान में प्रावधान)	**सूची-II (अनुच्छेद)**
A. संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक	(i) 116
B. वार्षिक वित्तीय विवरण	(ii) 110
C. "धन विधेयक" की परिभाषा	(iii) 112
D. लेखानुदान	(iv) 108

(A) A-(i), B-(ii), C-(iv), D-(iii)
(B) A-(iv), B-(ii), C-(i), D-(iii)
(C) A-(iv), B-(iii), C-(ii), D-(i) ✓
(D) A-(iii), B-(iv), C-(i), D-(ii)

Q.26

स्वतंत्रता से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :
(I) जेराल्ड सी. मैक्केलम ने तर्क दिया है कि राज्य केवल व्यक्ति की नकारात्मक स्वतंत्रता की रक्षा कर सकता है । सकारात्मक स्वतंत्रता की रक्षा करना राज्य के विचार क्षेत्र में नहीं आता ।
(II) आइजिया बर्लिन स्वतंत्रता को एक त्रयी सम्बन्ध के रूप में देखते हैं । कर्त्ता, बाध्यता और लक्ष्य जब तक ये तीनों तत्त्व उपस्थित न हों, तब तक स्वतंत्रता का विचार सार्थक नहीं होता ।
सही विकल्प चुनिए :

(A) केवल कथन (I) सत्य है
(B) केवल कथन (II) सत्य है
(C) कथन (I) एवं (II) दोनों सत्य हैं
(D) कथन (I) एवं (II) दोनों असत्य हैं ✓

Q.27

निम्नलिखित में से भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अनुसार "उच्चतम न्यायालय को अपने द्वारा सुनाए गए निर्णय या दिए गए आदेश का पुनरावलोकन करने की शक्ति होगी"?

(A) अनुच्छेद 143
(B) अनुच्छेद 137 ✓
(C) अनुच्छेद 136
(D) अनुच्छेद 134

Q.28

राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 की निम्नांकित में से किस धारा में सरपंच और उप-सरपंच की शक्तियों, कृत्यों और कर्तव्यों का उल्लेख है ?

(A) धारा 30
(B) धारा 31
(C) धारा 32 ✓
(D) धारा 33

Q.29

वैश्वीकरण के युग में स्टीफन क्रेसनर के द्वारा चिह्नित संप्रभुता के प्रमुख उपयोग/धारणाएँ निम्नलिखित में से कौन से/सी हैं ?
(a) अन्योन्याश्रित संप्रभुता
(b) घरेलू संप्रभुता
(c) वेस्टफेलियन संप्रभुता
(d) अंतर्राष्ट्रीय कानूनी संप्रभुता
सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) केवल (a), (b) एवं (c) सही हैं ।
(B) केवल (a), (c) एवं (d) सही हैं ।
(C) केवल (b), (c) एवं (d) सही हैं ।
(D) (a), (b), (c) एवं (d) सही हैं । ✓

Q.30

शिक्षा मनोविज्ञान की सीमाओं से सम्बन्धित कुछ कथन निम्नलिखित हैं -
कथन (a) : शिक्षा मनोविज्ञान के सिर्फ सिद्धान्त, नियम तथा तथ्य का ज्ञान समुचित शिक्षण माहौल उत्पन्न करने में असमर्थ है
कथन (b) : शिक्षा मनोविज्ञान में अधिक आत्मनिष्ठता होने से परिणाम एवं निष्कर्ष विश्वसनीय नहीं होते हैं।
कथन (c) : शिक्षा मनोविज्ञान के सिद्धान्तों का प्रयोग वस्तुनिष्ठ ढंग से नहीं हो पाता।
नीचे दिये गये कूट का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिये -

(A) केवल (a) तथा (b) सही हैं।
(B) (c) गलत है।
(C) (a), (b) तथा (c) गलत हैं।
(D) (a), (b) तथा (c) सही हैं। ✓

Q.31

निम्नलिखित में से किस तिथि को हिमाचल प्रदेश को पूर्ण राज्य का दर्जा दिया गया ?

(A) 14 नवंबर, 1970
(B) 25 जनवरी, 1971 ✓
(C) 02 अक्टूबर, 1973
(D) 27 अगस्त, 1972

Q.32

निम्नलिखित में से कौन सी संवेगों की विशेषता नहीं है ?

(A) व्यक्ति-दर-व्यक्ति अन्तर होता है ।
(B) विकास की सभी अवस्थाओं में उपस्थित होती है ।
(C) विस्थापन का गुण मौजूद होता है
(D) संवेगों का जागृत होना एवं बुद्धि धनात्मक रूप से सम्बन्धित होती है । ✓

Q.33

राजनीतिक सिद्धान्त की उपयोगिता के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए : (i) राजनीतिक सिद्धान्त राजनीति विज्ञान के एक अनुशासन के रूप में अत्यावश्यक है। (ii) राजनीतिक सिद्धान्त अवधारणात्मक विचारबन्ध के रूप में तथ्य संग्रह एवं शोध को प्रेरणा और दिशा प्रदान करता है। (iii) राजनीतिक सिद्धान्त वैज्ञानिक व्याख्याएँ प्रस्तुत करने में सहायक होता है। निम्नलिखित में से सही उत्तर चुनिए :

(A) केवल (iii) सत्य है।
(B) केवल (i) तथा (ii) सत्य है।
(C) केवल (i) तथा (iii) सत्य है।
(D) (i), (ii) तथा (iii) सभी सत्य हैं। ✓

Q.34

कक्षा-कक्ष में श्रव्य-दृश्य सामग्री का उपयोग करते समय इसके चयन के लिए मार्गदर्शक सिद्धान्त क्या होने चाहिए?
(a) प्रयोज्यता
(b) उपलब्धता
(c) प्रासंगिकता
नीचे दिये गये कूट का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए :

कूट :

(A) केवल (a)
(B) केवल (b)
(C) (a) तथा (b)
(D) (a), (b) तथा (c) ✓

Q.35

1935 के भारत शासन अधिनियम की किस धारा में यह प्रावधान किया गया कि आरक्षित विषयों का शासन गवर्नर जनरल अपने कार्यकारी पार्षदों की सहायता से अपने विवेक के अनुसार करेगा ?

(A) धारा 6
(B) धारा 11 ✓
(C) धारा 102
(D) धारा 106

Q.36

निम्नांकित में से किस समिति ने यह सिफारिश की थी कि विधान सभाओं और लोक सभा में चुनाव लड़ने के लिए आयु योग्यता 25 वर्ष से घटाकर 21 वर्ष की जानी चाहिए ?

(A) तारकुण्डे समिति ✓
(B) दिनेश गोस्वामी समिति
(C) इन्द्रजीत गुप्ता समिति
(D) एन.एन. वोहरा समिति

Q.37

निम्नांकित में से किस देश ने वर्चुअल प्रारूप में थर्ड वॉइस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट (2024) की मेजबानी की है ?

(A) भारत ✓
(B) जापान
(C) इण्डोनेशिया
(D) श्रीलंका

Q.38

निम्नलिखित में से किस विचारक ने सबसे पहले 'फाल्स डेमोक्रेसी' शब्द का इस्तेमाल यह समझाने के लिए किया कि विकास का मतलब केवल आर्थिक और सामाजिक प्रगति ही नहीं है, बल्कि इसमें स्वतंत्रता और लोकतंत्र का राजनीतिक अर्थ भी निहित है ?

(A) गुन्नार मिर्डल
(B) फ़रीद रफ़ीक ज़कारिया
(C) एडगर ओवेन्स
(D) जीन ब्लोंडेल ✓

Q.39

संविधान के छियासीवें संशोधन अधिनियम, 2002 द्वारा भारत के संविधान के निम्नांकित में से किन अनुच्छेदों को अंत:स्थापित एवं प्रतिस्थापित किया गया ?

(A) अनुच्छेद 21क एवं 44
(B) अनुच्छेद 21क एवं 45 ✓
(C) अनुच्छेद 21क एवं 41
(D) अनुच्छेद 21क एवं 42

Q.40

भारत के संविधान के प्रावधान के अन्तर्गत, उच्चतम न्यायालय न्यायालय की पद्धति और प्रक्रिया के साधारणतया विनियमन के लिए नियम बना सकता है -

(A) भारत के राष्ट्रपति की अनुमति से
(B) भारत के राष्ट्रपति की सिफ़ारिश से
(C) भारत के राष्ट्रपति के अनुमोदन से ✓
(D) भारत के राष्ट्रपति के अनुदेश से

Q.41

निम्नांकित में से किस देश के संविधान में यह उल्लेख किया गया है कि 'कानून राष्ट्र के लोकतांत्रिक जीवन में राजनीतिक दलों और समूहों की न्यायसंगत भागीदारी की गारंटी देते हैं' ?

(A) फ्रांस ✓
(B) संयुक्त राज्य अमेरिका
(C) स्विट्जरलैंड
(D) जापान

Q.42

आमंड और पॉवेल के अनुसार, संरचनात्मक-कार्यात्मक दृष्टिकोण से प्रत्येक राजनीतिक व्यवस्था के सामान्य लक्षणों में निम्नलिखित में कौन से लक्षण शामिल हैं?
(i) राजनीतिक संरचनाएँ
(ii) समान प्रकार्य
(iii) बहु-प्रकार्यात्मक राजनीतिक संरचनाएँ
(iv) पृथक व्यवस्थाएँ
सही विकल्प चुनें :

(A) केवल (i), (ii) और (iii) ✓
(B) केवल (i), (iii) और (iv)
(C) केवल (ii), (iii) और (iv)
(D) (i), (ii), (iii) और (iv)

Q.43

कौटिल्य के अर्थशास्त्र में वर्णित सरकारी विभागों के प्रमुखों और उनके कर्तव्यों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?

(A) आकराध्यक्ष - खनन और धातुकर्म के मुख्य नियंत्रक
(B) कोष्ठागाराध्यक्ष - गोदामों के मुख्य अधीक्षक
(C) विविताध्यक्ष - वनोपज के मुख्य अधीक्षक ✓
(D) सूत्राध्यक्ष - मुख्य कपड़ा आयुक्त

Q.44

निम्नलिखित में से कौन से सिद्धांत मैकियावेली के राजनीतिक विचारों से संबद्ध हैं ?
(i) नैतिक उदासीनता
(ii) सार्वभौमिक अहंवाद
(iii) सर्वशक्तिशाली विधिकर्ता
(iv) दार्शनिक अस्पष्टताएँ
सही विकल्प चुनें :

(A) केवल (i), (ii) और (iii) ✓
(B) केवल (ii), (iii) और (iv)
(C) केवल (i), (iii) और (iv)
(D) (i), (ii), (iii) और (iv)

Q.45

मानव व्यवहार व्यक्ति और वातावरण दोनों का प्रतिफल है।"यह
प्रदर्शित करता है

(A) पावलव का शास्त्रीय अनुबंधन सिद्धांत
(B) थॉर्नडाइक का संयोजनवाद
(C) लेविन का अधिगम सम्बन्धी क्षेत्र सिद्धांत ✓
(D) स्कीनर का क्रिया प्रसूत अनुबंधन सिद्धांत

Q.46

मैकनॉटोन योजना के संबंध में निम्नलिखित में से त्रुटिपूर्ण कथन कौन सा है ?

(A) मैकनॉटोन योजना कश्मीर समस्या के समाधान से संबंधित थी।
(B) मैकनॉटोन ब्राजीलियाई जनरल थे, जो सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष थे। ✓
(C) मैकनॉटोन योजना के अंतर्गत पाकिस्तान व भारत दोनों की सेनाओं को कश्मीर से वापस बुलाना था।
(D) यह जनमत संग्रह के लिए कश्मीर का असैन्यीकरण करने का प्रस्ताव था।

Q.47

निम्नलिखित विचारकों में से कौन अस्तित्ववाद का समर्थक नहीं है ?

(A) कार्ल जैस्पर्स
(B) जीन पॉल सार्त्र
(C) अल्बर्ट कामू
(D) डैनियल कोहन बेंडिट ✓

Q.48

निम्नलिखित में से कौन यह तर्क देता है कि राज्य 'आत्मिक तत्त्वों' से ग्रस्त एक अमूर्त और रहस्यमय विश्वास है कि राज्य किसी न किसी तरह पूरे समुदाय का प्रतिनिधित्व करता है ?

(A) आर्थर बेंटले
(B) डेविड ईस्टन
(C) आमण्ड पॉवेल
(D) पौलांतज़स

Q.49

निम्नलिखित में से कौन 2006 में गोलान की पहाड़ियों में यूनाइटेड नेशन्स डिसएन्गेजमेन्ट ऑब्जर्वर फोर्स (यू.एन.डी.ओ.एफ) के फोर्स कमांडर और मिशन प्रमुख थे ?

(A) मेजर जनरल आई.एस. सिंघा
(B) लेफ्टिनेन्ट जनरल जे.एस. लिड्डर
(C) लेफ्टिनेन्ट जनरल चन्दर प्रकाश
(D) मेजर जनरल एल.एम. तिवारी ✓

Q.50

निम्नांकित में से किस विद्वान ने कार्ल पॉपर को 'विपरिवर्तित प्लेटोवादी' कहा है ?

(A) मल्फोर्ड सिबली
(B) रोनाल्ड यंग ✓
(C) लियो स्ट्रोस
(D) नॉर्मन जैकोब्सन

Q.51

निम्नांकित में से कौन से विद्वान 'नव संस्थावाद' के प्रतिष्ठापक माने जाते हैं ?

(A) जीन ब्लॉन्डेल एवं डेविड एप्टर
(B) एम. आइसनर एवं ई. एरिक्सन
(C) जे.जी. मार्च एवं जे. ओलसेन ✓
(D) ए. फ्रेन्क एवं डी.जे. एलाजार

Q.52

किशोरों को उनकी मानसिक एवं गोपनीय समस्याओं के निराकरण हेतु दिया जाने वाला 'निर्देशन का प्रकार कहलाता है

(A) व्यावसायिक निर्देशन
(B) व्यक्तिगत निर्देशन ✓
(C) सहयोगात्मक निर्देशन
(D) शैक्षिक निर्देशन

Q.53

निम्नांकित में से कौन सा कारक लॉ पारम्बारा व माइनर वीनर द्वारा वर्णित राजनीति दलों की उत्पत्ति के लिए उत्तरदायी कारकों में सम्मिलित नहीं है ?

(A) वैधता का संकट
(B) संस्थात्मक सत्ता के बिखराव का संकट
(C) सहभागिता का संकट
(D) प्रादेशिक एकीकरण का संकट

Q.54

'सत्ता का गुण यह है कि यह व्यक्तियों को सामाजिक पहचान, स्थिरता और आश्वासन की भावना प्रदान करता है; 'सत्ता का पतन' उन्हें अकेला और भ्रमित छोड़ देता है, जो कि डेमोगोग्स और भावी तानाशाहों की विनती का शिकार बन जाता है।' निम्नलिखित विचारकों में से यह कथन किसका है?

(A) रोजर स्क्रूटन
(B) हन्ना अरेंड्ट
(C) विल्हेम रीच
(D) थियोडोर एडोर्नो

Q.55

भारत में इनमें से कौन सी समिति/आयोग नगरीय प्रशासन से संबंधित नहीं रही है ?

(A) जॉन मथाई आयोग ✓
(B) गिरिजापति मुखर्जी समिति
(C) वाई.बी. चव्हाण समिति
(D) रफीक जकारिया समिति

Q.56

निम्नांकित में से किस विद्वान ने यह उद्धृत किया कि लैटिन अमेरिका में शीत युद्ध काल के दौरान लोकतंत्र की विफलता ने इस बात की पुष्टि की कि 'शक्तियों का पृथक्करण लोकतंत्र के विकसित होने की क्षमता को प्रभावित कर सकता है' ?

(A) रॉबर्ट कॉक्स
(B) एस. स्टोक्स
(C) जोसेफ स्टिग्लिट्ज़
(D) जॉन लिन्ज ✓

Q.57

निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है ?

(A) न्याय का अधिकारिता सिद्धान्त इच्छास्वातन्त्र्यवादी लेखकों, विशेष रूप से रॉबर्ट नॉजिक द्वारा प्रतिपादित किया गया ।

(B) एक राजनीतिक सिद्धान्त के रूप में इच्छास्वातन्त्र्यवाद मुक्त-बाज़ार अर्थव्यवस्था का समर्थक है ।

(C) इच्छास्वातन्त्र्यवाद 'पुनर्वितरण कर प्रणाली को मौलिक रूप से सही मानता है । ✓

(D) नॉजिक का अधिकारिता सिद्धान्त जॉन लॉक तथा फ्रेडरिक हायेक के विचारों से प्रभावित है ।

Q.58

सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें और नीचे दिए कूट से सही उत्तर का चयन करें :

सूची-I	सूची-II
A. स्वयं की भावना को जानना	**(i)** लक्ष्य प्राप्ति हेतु संवेग उत्पन्न करना
B. संबंधों को संभालना	**(ii)** संवेग और भावनाओं को संभालना ताकि उपयुक्त रहें
C. भावनाओं का प्रबन्धन	**(iii)** दूसरों की भावनाओं को व्यवस्थित करने का कौशल
D. स्वयं को प्रोत्साहित करना	**(iv)** अपनी भावनाओं की क्षण प्रतिक्षण निगरानी करना

(A) A-(iv), B-(iii), C-(ii), D-(i) ✓

(B) A-(iii), B-(iv), C-(ii), D-(i)

(C) A-(ii), B-(iii), C-(iv), D-(i)

(D) A-(ii), B-(i), C-(iii), D-(iv)

Q.59

संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद के अनुसार संयुक्त राष्ट्र का कोई सदस्य यदि प्रस्तुत घोषणापत्र के सिद्धांतों का बार-बार उल्लंघन करता है, तो सुरक्षा परिषद् की सिफारिश पर महासभा संघ से उसका निष्कासन कर सकती है?

(A) अनुच्छेद 4

(B) अनुच्छेद 5

(C) अनुच्छेद 6 ✓

(D) अनुच्छेद 12

Q.60

प्रणाली के निम्नलिखित घटकों को उनके सही क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

(a) प्रदा
(b) अदा
(c) वातावरणीय संदर्भ
(d) प्रक्रिया

सही उत्तर का चयन नीचे दिये गये कूट की सहायता से कीजिए :

(A) (c), (b), (a), (d)

(B) (b), (d), (a), (c) ✓

(C) (b), (a), (d), (c)

(D) (c), (d), (b), (a)

Q.61

'ऑपरेशन एन्डयूरिंग फ्रीडम' से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:\n\n(I) आतंकवाद के विरुद्ध विश्वव्यापी युद्ध के अंग के रूप में अमेरिका ने वर्ष 2003 से 'ऑपरेशन एन्डयूरिंग फ्रीडम' चलाया ।\n(II) इस अभियान में मुख्य निशाना अलकायदा और अफ़गानिस्तान के तालिबान शासन को बनाया गया ।\n\nसही विकल्प चुनिए :

(A) केवल कथन (I) सत्य है।
(B) केवल कथन (II) सत्य है। ✓
(C) कथन (I) एवं (II) दोनों सत्य हैं ।
(D) कथन (I) एवं (II) दोनों असत्य हैं ।

Q.62

शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया के लिए रचनावादी उपागम की विशेषताएँ निम्नलिखित में से कौन सी हैं ?

(a) ध्यान सिखाने पर नहीं बल्कि सीखने पर होता है।
(b) विद्यार्थी अपने पूर्व-ज्ञान एवं अनुभव से अर्थ निकालते हैं।
(c) गतिविधियाँ परस्पर संवादात्मक एवं छात्र केन्द्रित हैं।

नीचे दिये गये कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(A) (a) तथा (b)
(B) (b) तथा (c)
(C) (a) तथा (c)
(D) (a), (b) तथा (c) ✓

Q.63

निम्नलिखित में से किस विद्वान ने अपने लेख 'पॉलिटिकल साइंस इन दि यूनाइटेड स्टेट्स' में मनोविज्ञान में तकनीकी प्रौढ़ता लाने और नए राजनीति विज्ञान में मनोविज्ञान के प्रयोग का श्रेय ए.एल. लॉवेल को दिया?

(A) रॉबर्ट डाहल
(B) चार्ल्स मेरियम ✓
(C) हेरॉल्ड लासवेल
(D) रॉबर्ट निस्बत

Q.64

मंत्री-परिषद के सामूहिक उत्तरदायित्व का सिद्धान्त भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में संहिताबद्ध है ?

(A) अनुच्छेद 75(2)
(B) अनुच्छेद 75(3) ✓
(C) अनुच्छेद 75(4)
(D) अनुच्छेद 75(5)

Q.65

केनेथ वाल्ट्ज़ के नवयथार्थवादी सिद्धांत के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही ढंग से मेल नहीं खाता है ?	अंतर्राष्ट्रीय संरचना (राज्य इकाइयाँ और संबंध)	अंतर्राष्ट्रीय परिणाम (राज्य प्रतिस्पर्धा के प्रभाव)	: : — —

(A) अंतर्राष्ट्रीय अराजकता - सामूहिक सुरक्षा ✓
(B) 'समान इकाइयों' के रूप में राज्य - अंतर्राष्ट्रीय पुनरावृत्ति और दोहराव
(C) असमान राज्य क्षमता - अंतर्राष्ट्रीय संघर्ष, युद्ध
(D) महान शक्ति संबंध - अंतर्राष्ट्रीय परिवर्तन

Q.66

सूची-I का सूची-II के साथ सुमेलन करें :

सूची-I (पियाजे के सम्प्रत्यय)	सूची-II (विवरण)
A. संरक्षण	(i) यह धारणा कि उसके सोचने का ढंग एक मात्र संभावना है।
B. केन्द्रण	(ii) यह सिद्धान्त कि मात्राएँ स्थिर रहती है भले ही उनके प्रकटन में भिन्न परिवर्तन हो।
C. विलोमता	(iii) किसी कार्य अथवा प्रक्रम को उलट करने की योग्यता
D. अहंकेंद्रण	(iv) परिस्थिति के केवल एक पहलू पर ध्यान देना

निम्नलिखित में से सही कूट का चयन कीजिए :

(A) A-(ii), B-(iv), C-(iii), D-(i) ✓
(B) A-(ii), B-(iii), C-(iv), D-(i)
(C) A-(i), B-(iv), C-(ii), D-(iii)
(D) A-(iii), B-(iv), C-(i), D-(ii)

Q.67

निम्नांकित में से कौन सा के.सी. व्हीयर द्वारा वर्णित शक्तिशाली केन्द्रीय सरकार के उभार के लिए उत्तरदायी कारकों में सम्मिलित नहीं है ?

(A) तकनीकी राजनीति
(B) शक्ति राजनीति
(C) सांस्कृतिक राजनीति ✓
(D) आर्थिक मंदी की राजनीति

Q.68

शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में मनोविज्ञान विद्यार्थियों के लिए कहाँ उपयोगी प्रतीत नहीं होता ?

(A) अपनी योग्यताओं और क्षमताओं को जानने में
(B) वातावरण के साथ समायोजन करने में
(C) विद्यार्थियों के मध्य प्रतिस्पर्धा बढ़ाने में ✓
(D) अधिगम उद्देश्यों की प्राप्ति में

Q.69

मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त अधिनियम, 2023 से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए।
(i) मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्त की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा चयन समिति की सिफारिश पर की जायेगी, जिसमें प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता और सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सम्मिलित होंगे।
(ii) एक खोज समिति, चयन समिति के विचार के लिए पाँच व्यक्तियों का एक पैनल तैयार करेगी।
सही विकल्प का चयन कीजिए।

(A) केवल कथन(i) सत्य है।
(B) केवल कथन (ii) सत्य है। ✓
(C) कथन(i) और (ii) दोनों सत्य है।
(D) कथन(i) और (ii) दोनों असत्य है।

Q.70

निम्नांकित में से किस विचारक ने यह तर्क दिया है कि 'मैक्वर्ल्ड का उदय' जिहादी आतंकवाद के उदय से सहजीवी रूप से जुड़ा हुआ है ?

(A) बेन्जामिन बार्बर ✓
(B) अर्नेस्ट गैल्नर
(C) ऐस्टी मार्टिन
(D) बेनेडिक्ट एण्डरसन

Q.71

अम्बेडकर के आर्थिक विचारों के संबंध में निम्नांकित में से कौन सा कथन सही नहीं है ?

(A) देश के सभी महत्वपूर्ण उद्योगों को सार्वजनिक क्षेत्र में होना चाहिए।

(B) सभी नागरिकों के लिए बीमा आवश्यक है।

(C) भूमि का राष्ट्रीयकरण जरूरी है।

(D) भारत में औद्योगिकीकरण को तीव्र करने के लिए निजी अर्थव्यवस्था आवश्यक है। ✓

Q.72

कौनसा कथन उच्च न्यायालय में न्यायाधीश की नियुक्ति के लिए योग्यता के सम्बन्ध में सही नहीं है?

(A) वह भारत के राज्य क्षेत्र में कम से कम दस वर्ष तक न्यायिक पद धारण कर चुका हो।

(B) राष्ट्रपति की राय में पारंगत विधिवेत्ता हो। ✓

(C) किसी उच्च न्यायालय का या ऐसे दो या अधिक न्यायालयों का लगातार कम से कम दस वर्ष तक अधिवक्ता रहा हो।

(D) उसे भारत का नागरिक होना चाहिए।

Q.73

भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से किन अनुच्छेदों में दिए गए मूल अधिकार केवल नागरिकों के लिए हैं ?

(A) अनुच्छेद 15
(B) अनुच्छेद 19
(C) अनुच्छेद 20
(D) अनुच्छेद 28

(A) केवल (A) और (B) सही हैं। ✓

(B) केवल (B) और (D) सही हैं।

(C) केवल (A), (C) और (D) सही हैं।

(D) (A), (B), (C) और (D) सही हैं।

Q.74

सार्क के शिखर सम्मेलनों के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है ?

सम्मेलन की दिनांक	स्थान
2-4 नवम्बर, 1987	काठमाण्डु
16-17 नवम्बर, 1986	बैंगलुरु (बैंगलोर)
2-3 दिसम्बर, 1988	कोलम्बो
12-14 मई, 1997	माले

(A) 2-4 नवम्बर, 1987 - काठमाण्डु

(B) 16-17 नवम्बर, 1986 - बैंगलुरु (बैंगलोर)

(C) 2-3 दिसम्बर, 1988 - कोलम्बो ✓

(D) 12-14 मई, 1997 - माले

Q.75

निम्नलिखित में से कौन सा प्रत्यक्षीकरण संगठन नियम से सम्बन्धित नहीं है ?

(A) समानता का नियम
(B) निकटता का नियम
(C) प्रभाव का नियम ✓
(D) स्थानान्तरण का नियम

Q.76

भारत की संसद में "दो समुद्रों का संगम" भाषण निम्नलिखित में से किस प्रधानमंत्री/राष्ट्रपति द्वारा दिया गया था ?

(A) जॉन हॉवर्ड
(B) हेलेन क्लार्क
(C) शिंजो आबे ✓
(D) जॉर्ज डब्ल्यू. बुश

Q.77

शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में आईसीटी (ICT) को एकीकृत करने का निम्नलिखित में से कौन सा लाभ नहीं है ?

(A) यह रुचिकर और प्रभावी अधिगम वातावरण बनाता है।
(B) यह शिक्षार्थियों को सीखने की प्रक्रिया में निष्क्रिय रूप से संलग्न करता है। ✓
(C) यह छात्र को नए कौशल विकसित करने में मदद करता है।
(D) यह किसी भी समय, कहीं भी सीखने में मदद करता है।

Q.78

अजय बंगा के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
(i) वे विश्व बैंक समूह के 15वें अध्यक्ष हैं ।
(ii) उन्होंने 2 जून, 2023 को विश्व बैंक समूह के अध्यक्ष के रूप में अपना चार वर्षीय कार्यकाल प्रारंभ किया ।
(iii) उन्हें 2016 में भारत के राष्ट्रपति द्वारा 'पद्मश्री' से सम्मानित किया गया था ।
ऊपर दिये गये कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(A) केवल (i)
(B) केवल (iii)
(C) केवल (ii) एवं (iii) ✓
(D) (i), (ii) एवं (iii)

Q.79

भारत के संविधान के निम्नांकित में से किस अनुच्छेद में विद्यमान विधि के अधीन फेडरल न्यायालय की अधिकारिता और शक्तियों का उच्चतम न्यायालय द्वारा प्रयोक्तव्य होना शब्दावली का उल्लेख किया गया है।

(A) अनुच्छेद 133
(B) अनुच्छेद 134
(C) अनुच्छेद 135 ✓
(D) अनुच्छेद 136

Q.80

सकारात्मक स्वतंत्रता के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
(i) स्वतंत्रता की सकारात्मक धारणा स्वतंत्रता को समाज, अधिकार, समानता व न्याय के साथ जोड़ती है ।
(ii) स्वतंत्रता की सकारात्मक धारणा का जन्म प्रारम्भिक उदारवाद से हुआ है ।
(iii) सी.बी. मैकफरसन व जॉन रॉल्स सकारात्मक स्वतंत्रता के समर्थक हैं ।
'सही उत्तर चुनिए :

(A) केवल (iii) सही है ।
(B) केवल (i) तथा (ii) सही हैं ।
(C) केवल (ii) तथा (iii) सही हैं ।
(D) केवल (i) तथा (iii) सही हैं । ✓

Q.81

निम्नलिखित में से कौन सा वाद सर्वोच्च न्यायालय के राज्यपाल द्वारा सरकार के बहुमत पर निर्णय करने की शक्तियों से संबंधित है?

(A) रामेश्वर प्रसाद बनाम भारत संघ (2006) ✓
(B) अनिल कुमार शर्मा बनाम भारत संघ (2005)
(C) जगदंबिका पालेश बनाम भारत संघ (1998)
(D) टी.आर. कपूर बनाम तमिलनाडु राज्य (2001)

Q.82

भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद के अनुसार पंचायतों के लिए कराए जाने वाले सभी निर्वाचनों का संचालन राज्य निर्वाचन आयोग में निहित होगा ?

(A) 243-ट ✓
(B) 243-झ
(C) 243-घ
(D) 243-छ

Q.83

निम्नलिखित में से किस विचारक ने कहा कि शक्ति 'प्रभावी सामूहिक कार्रवाई के लिए प्रतिबद्धताओं या दायित्वों को जुटाने का एक सामान्यीकृत माध्यम है, संसाधन की एक सामान्यीकृत सुविधा जो वैधता के स्वीकृत रूपों पर टिकी हुई है' ?

(A) टैल्कोट पार्सन्स ✓
(B) मिशेल फोकॉल्ट
(C) चार्ल्स ई. लिंडब्लोम
(D) स्टीवन ल्यूक्स

Q.84

मनोविज्ञान के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन सा एक प्रभावी विद्यालय का संगठनात्मक घटक नहीं है?

(A) स्टाफ स्थिरता
(B) अनुदेशात्मक नेतृत्वशीलता
(C) पाठ्यचर्या अभिव्यक्ति
(D) आदेश और अनुशासन ✓

Q.85

किस उद्देश्य के लिए सन् 2004 में नागरिक समाज के संगठनों ने 'वाडा ना तोड़ो अभियान' चलाया ?

(A) गरीबी को समाप्त करने और मिलेनियम डेवलपमेंट गोल को प्राप्त करने के लिए सरकारी उत्तरदायित्व को बढ़ाने हेतु । ✓

(B) साइलेंट वैली में बाँध निर्माण को रोकने हेतु ।

(C) बहु प्रसारित लैंगिक उत्पीड़न की समस्या की ओर ध्यान दिलाने हेतु ।

(D) भारतीय महिलाओं के जीवन पितृसत्तात्मक वर्चस्व का विरोध करने लिए ।

Q.86

किशोरावस्था में संज्ञानात्मक विकास के लक्षण निम्नलिखित में से कौन से हैं ? (a) कल्पना (b) चिंतन एवं तर्क (c) अमूर्त मनोभाव (d) ध्यानावधि में वृद्धि नीचे दिए गए विकल्पों में से उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए :

(A) केवल (b), (c) और (d)

(B) केवल (a), (c) और (d)

(C) केवल (c) और (d)

(D) केवल (a), (b) और (d) ✓

Q.87

निम्नलिखित में से कौन सा विद्वान राजनीतिक दर्शन में "संदर्भीय दृष्टिकोण" से सम्बद्ध नहीं है ?

(A) जॉन जी.ए. पोकोक

(B) जॉन डन

(C) क्वेटिन स्कीन्नर

(D) एच.आर.जी. ग्रीव्स ✓

Q.88

अग्रिम संगठक प्रतिमान के संदर्भ में 'प्रगतिशील विभेदन' शब्द का अर्थ है -

(A) पहले विशिष्ट विचार प्रस्तुत किये जाते हैं फिर सामान्यीकरण किया जाता है।

(B) विषय के अधिकांश सामान्य विचार पहले प्रस्तुत किये जाते हैं, फिर विशिष्ट। ✓

(C) विशिष्ट उप-अवधारणाएँ पहले प्रस्तुत की जाती हैं।

(D) सामान्य एवं विशिष्ट में कोई सह-सम्बन्ध नहीं।

Q.89

भारत शासन अधिनियम, 1935 के अन्तर्गत राज्य परिषद (काउन्सिल ऑफ स्टेट) में सीटों के आबंटन के सन्दर्भ में निम्नांकित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है ?

(A) भारतीय ईसाई - 2

(B) आंग्ल-भारतीय - 3 ✓

(C) यूरोपियन - 7

(D) कूर्ग - 1

Q.90

संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के आम चुनाव - 2024 के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है ?

राजनीतिक दल का नाम	**जीती गयी सीटों की संख्या**
समाजवादी पार्टी	37
जनता दल (यूनाइटेड)	12
राष्ट्रीय जनता दल	5
झारखण्ड मुक्ति मोर्चा	3

(A) समाजवादी पार्टी - 37
(B) जनता दल (यूनाइटेड) - 12
(C) राष्ट्रीय जनता दल - 5 ✓
(D) झारखण्ड मुक्ति मोर्चा - 3

Q.91

भारत ने अपने किस पड़ोसी देश को सहयोग के लिए "ऑपरेशन नीर" अभियान चलाया था ?

(A) श्रीलंका
(B) मालदीव ✓
(C) बांग्लादेश
(D) नेपाल

Q.92

"वयस्कों के लिए लोकतंत्र वैसा ही है जैसा बच्चों के लिए चॉकलेट; अन्तहीन रूप से लुभावना; थोड़ी मात्रा में हानि रहित; अधिक मात्रा में बीमार करने वाला।" डी. मार्कण्ड का यह कथन लोकतन्त्र के निम्नलिखित में से किस दृष्टिकोण को दर्शाता है ?

(A) मार्क्सवादी दृष्टिकोण
(B) बहुलवादी दृष्टिकोण
(C) कॉर्पोरेटवादी दृष्टिकोण
(D) नव दक्षिणपंथी दृष्टिकोण ✓

Q.93

निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है ? (**राज्य की नीति के निदेशक तत्त्व — अनुच्छेद**)

(A) काम की न्यायसंगत और मानवोचित दशाओं का तथा प्रसूति सहायता का उपबन्ध — अनुच्छेद 41 ✓
(B) सहकारी सोसाइटियों का संवर्धन — अनुच्छेद 43-ख
(C) कृषि और पशुपालन का संगठन — अनुच्छेद 48
(D) कार्यपालिका से न्यायपालिका का पृथक्करण — अनुच्छेद 50

Q.94

भारत के राष्ट्रपति की आपातकालीन शक्तियों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(i) बाह्य आक्रमण और आंतरिक अशांति से राज्य की संरक्षा करना राष्ट्रपति का कर्तव्य है ।
(ii) आपात के दौरान भाग III द्वारा प्रदत्त सभी अधिकारों के प्रवर्तन का निलम्बन राष्ट्रपति आदेश द्वारा कर सकता है ।

कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए :

कूट :

(A) केवल (i) सही है ।
(B) केवल (ii) सही है ।
(C) (i) तथा (ii) दोनों सही हैं ।
(D) (i) तथा (ii) दोनों गलत हैं । ✓

Q.95

निम्नलिखित में से कौन से राजनीतिक दलों के मुख्य कार्य हैं ?
(i) अभिजात वर्ग का गठन और भर्ती
(ii) हित अभिव्यक्ति और एकत्रीकरण
(iii) समाजीकरण और लामबंदी
(iv) लक्ष्य निर्माण
सही विकल्प चुनें :

(A) केवल (i) और (ii)
(B) केवल (i), (ii) और (iii)
(C) केवल (ii), (iii) और (iv)
(D) (i), (ii), (iii) और (iv) ✓

Q.96

'राजनीतिक संस्कृति' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :
(i) आमंड ने 1950 में 'राजनीतिक संस्कृति' शब्द गढ़ा और स्वीकार किया कि राजनीतिक संस्कृति की उनकी अवधारणा वेबर और पार्सन्स की सामाजिक सिद्धांत की परंपराओं से प्रेरित थी।
(ii) नागरिक संस्कृति की अवधारणा 1960 में आमंड और वर्बा द्वारा तैयार की गई थी जो पाँच देशों - अमेरिका, ब्रिटेन, इटली, ब्राजील और मैक्सिको के तुलनात्मक अध्ययन के बाद सामने आई।
ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(A) केवल (i)
(B) केवल (ii)
(C) (i) और (ii) दोनों
(D) न तो (i) और न ही (ii) ✓

Q.97

सर्वोदय की गांधीवादी अवधारणा के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें : (i) इसकी जड़ें अस्तित्व की आध्यात्मिक एकता की वेदांतिक अवधारणा और सर्वभूतहित या सभी जीवों की भलाई की गीता-बौद्ध अवधारणा में है। (ii) इसका व्यापक आदर्शवाद लॉक के बहुसंख्यकवाद और बेंथम के 'अधिकतम संख्या का अधिकतम सुख' के सूत्र का समर्थन करता है। ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(A) केवल (i) ✓
(B) केवल (ii)
(C) (i) और (ii) दोनों
(D) न तो (i) और न ही (ii)

Q.98

रूसो के अनुसार सामूहिक अवस्था में जीवन के आगमन के साथ एक नए प्रेरक सिद्धांत - 'अमोर-प्रोप्रे' (amour-propre) का विकास होता है, यह नया सिद्धांत क्या था ?

(A) दया
(B) दूसरों के साथ तुलना की ओर प्रवृत्त होना ✓
(C) आत्म-संरक्षण की ओर अग्रसर
(D) कुलीन-जंगली बनने की प्रेरणा

Q.99

ब्रूनर के रचनावादी सिद्धांत के अनुसार, अधिगमकर्त्ता द्वारा स्वयं के प्रयासों से स्वतंत्र रूप में अपने वातावरण के साथ अंतः क्रिया करके ज्ञान की रचना करना कहलाता हैं-

(A) निर्देशित अधिगम
(B) संप्रत्ययात्मक अधिगम
(C) अन्वेषण अधिगम ✓
(D) अभिक्रमित अधिगम

Q.100

सितम्बर 2024 में 'ऑपरेशन सद्भाव' के अंतर्गत भारत के निम्नांकित में से किस देश को एक मिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य की आपातकालीन बाढ़ राहत सहायता भेजी है ?

(A) भूटान
(B) म्यांमार ✓
(C) मालदीव
(D) श्रीलंका

Q.101

निम्नांकित में से किस विद्वान ने अपनी पुस्तक 'द एण्ड ऑफ द नेशन स्टेट' में कहा है कि पारंपरिक राष्ट्र-राज्य वैश्विक अर्थव्यवस्था में अप्राकृतिक यहाँ तक कि असंभव इकाइयां बन गये हैं ?

(A) स्टीफन कोहेन
(B) केनिचि ओहमार्इ ✓
(C) रॉबर्ट केहोन
(D) डेविड मित्रेनी

Q.102

निम्नांकित में से किस विचारक ने राज्य को 'एकीकृत सामाजिक गठन' के रूप में चित्रित किया है ?

(A) जोसेफ स्टालिन
(B) सी. सिल्वेस्टर
(C) जे.ए. टिकनर
(D) निकॉस पौलांतज़स

Q.103

बिम्सटेक (BIMSTEC) का पाँचवाँ शिखर सम्मेलन वर्चुअल रूप से कहाँ आयोजित हुआ ?

(A) ढाका
(B) नई दिल्ली
(C) कोलम्बो ✓
(D) बैंकॉक

Q.104

निम्नांकित में से किस विद्वान ने अपनी पुस्तक "ट्रुथ एण्ड मैथड" के द्वारा शास्त्रार्थ मीमांसा को समाज विज्ञान के दर्शन के रूप में स्थापित किया और राजनीतिक सिद्धान्त में इसको एक प्रणाली मानकर आदर्शात्मक अभ्यास को बढ़ावा दिया ?

(A) थॉमस कुन्ह
(B) जॉर्ज गेडेमर ✓
(C) लियो स्ट्रोस
(D) डेविड ईस्टन

Q.105

'राजकोषीय संघवाद' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :

(i) राजकोषीय संघवाद में केंद्र-राज्य वित्तीय संबंधों में केवल ऊर्ध्वाधर असंतुलन की जाँच और उसे स्थिर करना शामिल है।
(ii) ऊर्ध्वाधर असंतुलन को आमतौर पर विभिन्न प्रकार के हस्तांतरणों के माध्यम से स्थिर किया जाता है और भारतीय संदर्भ में इन मुद्दों की जाँच नीति आयोग द्वारा की जाती है।

ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(A) केवल (i)
(B) केवल (ii)
(C) (i) और (ii) दोनों
(D) न तो (i) और न ही (ii) ✓

Q.106

निम्नलिखित में से मानसिक स्वास्थ्य हेतु निर्देशन एवं परामर्श में आकलन की अप्रमाणीकृत तकनीकें कौन सी हैं?\n(a) प्रश्नावली\n(b) अभिक्षमता परीक्षण\n(c) समाजमिति\n(d) व्यक्तित्व परिसूची\nनीचे दिये गये कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये :

(A) (a) तथा (b)
(B) (b) तथा (d)
(C) (b) तथा (c)
(D) (a) तथा (c) ✓

Q.107

प्लेटो की निम्नलिखित में से कौन सी रचनाएँ सुकरात के प्रभाव से पूरी तरह मुक्त हैं ?\n(i) एपोलोजी\n(ii) फीडो\n(iii) द स्टेट्समैन\n(iv) द लॉज़

(A) केवल (i) और (ii)
(B) केवल (i), (ii) और (iii)
(C) केवल (iii) और (iv)
(D) (i), (ii), (iii) और (iv)

Q.108

निम्नांकित में से कौन सा औचित्यपूर्णता के उदार दृष्टिकोण से संबंधित नहीं है?

(A) सहमति
(B) संविधानवाद
(C) औचित्यता नीचे से उत्पन्न होती है।
(D) औचित्यता ऊपर से उत्पन्न होती है।

Q.109

भारतीय राजनीति में मतदान व्यवहार के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
(i) मतदाताओं का व्यवहार सामाजिक-आर्थिक तत्वों से प्रभावित होता है।
(ii) मतदाताओं का व्यवहार धर्म व जाति से बहुत अधिक प्रभावित होता है।
(iii) वर्तमान में चुनावों में मतदाता पूर्णतः आदेशित रूप से भाग लेते हैं।
कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए :

(A) केवल (i) सही है।
(B) केवल (i) तथा (ii) सही हैं। ✓
(C) केवल (ii) तथा (iii) सही हैं।
(D) (i), (ii) तथा (iii) सभी सही हैं।

Q.110

निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :
(i) शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत की शास्त्रीय या शुद्ध व्याख्या एम.जे.सी. विले द्वारा दी गई है।
(ii) गैर-संवैधानिक नियंत्रण और संतुलन प्रणाली की संरचनाओं में राजनीतिक प्रक्रिया और जनमत भी शामिल हैं।
ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(A) केवल (i)
(B) केवल (ii)
(C) (i) और (ii) दोनों ✓
(D) न तो (i) और न ही (ii)

Q.111

निम्नलिखित में से किसने यह तर्क दिया है कि 'राज्य के प्रत्येक नागरिक को सर्वदेशीय नागरिक (कॉस्मोपॉलिटन सिटीजन) बनना सीखना होगा' ?

(A) टी.एच. मार्शल
(B) ग्राहम ऐरिक
(C) डेविड हेल्ड ✓
(D) डब्ल्यू.आर. ब्रूबेकर

Q.112

यूरोपीय संसद से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
(I) यूरोपीय संसद के सदस्य प्रत्येक पाँच वर्ष में प्रत्यक्ष रूप से निर्वाचित होते हैं।
(II) यूरोपीय संसद की विधायी शक्तियाँ लिस्बन सन्धि के द्वारा कम की गईं।
सही उत्तर का चयन कीजिए :

(A) केवल (I) सत्य है। ✓
(B) केवल (II) सत्य है।
(C) (I) और (II) दोनों सत्य हैं।
(D) (I) और (II) दोनों असत्य हैं।

Q.113

किसी विशिष्ट विषय से संबंधित पहले से सीखे हुए विशिष्ट प्रकरणों को कवर करने के लिए कम्प्यूटर सहायक अनुदेशन का कौन सा मोड उपयोग में लिया जाता है ?

(A) ड्रिल और अभ्यास ✓
(B) शैक्षिक खेल
(C) सूचनात्मक निर्देशन
(D) ट्यूटोरियल

Q.114

2002 में संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू. बुश ने, निम्नांकित में से किन देशों के समूह की 'बुराई की धुरी' के रूप में पहचान की थी ?

(A) इराक, ईरान एवं उत्तरी कोरिया ✓
(B) ईरान, लेबनान एवं इज़रायल
(C) इराक, पाकिस्तान एवं चीन
(D) उत्तरी कोरिया, लेबनान एवं पाकिस्तान

Q.115

निम्नलिखित में से कौन सा कथन अनुभवमूलक सिद्धान्तों के सम्बन्ध में सत्य है?

(A) इसका मुख्य सरोकार मूल्यों से है।
(B) यह चिन्तन और तर्क पर आधारित होता है।
(C) इसमें आलोचनात्मक व निर्देशात्मक पद्धति का सहारा लिया जाता है।
(D) इसकी प्रामाणिकता का मानदण्ड 'सत्य या असत्य' है। ✓

Q.116

निम्नांकित में से कौन यह नहीं मानता है कि राजनीतिक विकास का मूल्यांकन उस निरपेक्ष सत्ता के स्तर या मात्रा के संदर्भ में किया जा सकता है जो व्यवस्था को गतिशील रखने में सहायक होती है ?

(A) कॉलमेन
(B) लुसियन पाई
(C) टॉलकॉट पार्सन्स ✓
(D) गेब्रियल ए. आमंड

Q.117

एडमंड बर्क प्रतिनिधित्व के निम्नलिखित में से किस सिद्धांत मॉडल से सम्बन्धित थे ?

(A) ट्रस्टीशिप ✓
(B) डेलीगेशन
(C) दी मेंडेट
(D) रीजेम्बलेंस

Q.118

निम्नलिखित में से कौन सा कथन शिक्षक के लिए शिक्षा मनोविज्ञान के महत्त्व को स्पष्ट नहीं करता ?

(A) विद्यार्थियों की विकासात्मक विशेषताओं को पहचानने में
(B) विद्यार्थियों की वैयक्तिक विभिन्नताओं को स्वीकारने में
(C) अपवादात्मक बालकों की समस्याओं को नकारने में ✓
(D) समूह गतिकी को समझने में

Q.119

विश्व व्यापार संगठन के संबंध में निम्न में से कौन सा सही नहीं है ?

(A) विश्व व्यापार संगठन समझौते में वस्तु, सेवा और बौद्धिक संपदा शामिल हैं।

(B) विश्व व्यापार संगठन का सर्वोच्च निर्णय लेने वाला मंत्रिस्तरीय सम्मेलन है जिसकी आमतौर पर सालाना बैठक होती है। ✓

(C) विश्व व्यापार संगठन का सचिवालय जिनेवा में स्थित है।

(D) विश्व व्यापार संगठन के सचिवालय का नेतृत्व एक महानिदेशक करता है। सचिवालय के पास निर्णय लेने की कोई शक्ति नहीं है।

Q.120

निम्नलिखित विद्वानों में से किसने कहा कि "यह राजनीति नहीं है जो जाति ग्रस्त है, यह जाति है जिसका राजनीतिकरण हुआ है" ?

(A) रजनी कोठारी ✓

(B) लॉयड एवं सुसेन रूडोल्फ

(C) एम.एन. श्रीनिवासन

(D) बी.आर. अम्बेडकर

Q.121

निम्नांकित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है ?

(A) अनुच्छेद 227 - सभी न्यायालयों के अधीक्षण की उच्च न्यायालय की शक्ति

(B) अनुच्छेद 228 - दो या अधिक राज्यों के लिए एक ही उच्च न्यायालय की स्थापना ✓

(C) अनुच्छेद 229 - उच्च न्यायालयों के अधिकारी और सेवक तथा व्यय

(D) अनुच्छेद 230 - उच्च न्यायालय की अधिकारिता का संघ राज्य क्षेत्रों पर विस्तार

Q.122

गुट-निरपेक्ष आन्दोलन के शासनाध्यक्षों का 19वाँ शिखर सम्मेलन कहाँ आयोजित हुआ ?

(A) कबाली, युगांडा

(B) कंपाला, युगांडा ✓

(C) बाकू, अजरबैजान

(D) गनसी, अजरबैजान

Q.123

रचनावाद के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य है ?

(A) अधिगम पुनरावृत्ति पर आधारित है।

(B) अधिगम अनुभव आधारित है। ✓

(C) अधिगम निष्क्रिय होता है।

(D) शिक्षक ज्ञान का स्थानान्तरण करते हैं।

Q.124

जानने का 'अर्थ है कार्य करने का उत्तरदायित्व अपने हाथों में लेना और कार्यरत होने का अर्थ है समाज के पुनर्निर्माण में अपने को लगा देना।' उपर्युक्त कथन निम्नलिखित में से किस राजनीतिक सिद्धांत से संबंधित है ?

(A) व्यवहारवाद
(B) प्रत्यक्षवाद
(C) उत्तर-व्यवहारवाद ✓
(D) अनुभववाद

Q.125

निम्नांकित में से भारत के संविधान का कौन सा अनुच्छेद राज्य विधान सभा के सदस्यों द्वारा शपथ या प्रतिज्ञान से सम्बन्धित है?

(A) 186
(B) 187
(C) 188 ✓
(D) 189

Q.126

भारत में पंचायती राज के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए : (i) दूसरी पंचवर्षीय योजना के दौरान योजना आयोग ने सामुदायिक विकास कार्यक्रम की समीक्षा के लिए 1956 में बलवंत राय मेहता की अध्यक्षता में समिति नियुक्त की। (ii) मेहता समिति ने प्रतिवेदन में कहा कि सामुदायिक विकास कार्यक्रम इसलिए विफल रहा क्योंकि यह स्थानीय लोगों में आवश्यक रुचि पैदा नहीं कर सका। (iii) योजना आयोग द्वारा जी.के.वी. रॉव समिति का गठन 1985 में किया गया। कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए :

(A) केवल (i) तथा (ii) सही हैं।
(B) केवल (i) तथा (iii) सही हैं।
(C) केवल (ii) तथा (iii) सही हैं।
(D) (i), (ii) तथा (iii) सभी सही हैं। ✓

Q.127

मौजूदा शक्ति पैटर्न के संबंध में स्वतंत्रता या स्वायत्तता की भावना का पता लगाने के लिए शक्ति का 'त्रि-आयामी' सिद्धांत किसने दिया है ?

(A) पीटर बंचराक
(B) मॉर्टन एस. बारात्ज़
(C) स्टीवन ल्यूक्स ✓
(D) पी. बेन

Q.128

नव सामाजिक आन्दोलन के दृष्टिकोण के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए: (I) नव सामाजिक आन्दोलन सिद्धान्तकार सामूहिक पहचान निर्माण की प्रक्रिया को संरचनात्मक कारकों पर आधारित मानते हैं । (II) नव सामाजिक आन्दोलन कई पारस्परिक जालतंत्रों को मान्यता देने के बजाय आंदोलन को बनाए रखने वाले एक केन्द्रीकृत नेटवर्क पर बल देता है । ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(A) केवल (I)
(B) केवल (II)
(C) (I) और (II) दोनों
(D) न तो (I) और न ही (II) ✓

Q.129

ब्रूनर के अनुसार, संज्ञानात्मक विकास की किस अवस्था में बालक अवधारणा, सूत्रीकरण व गणना सीख लेते हैं तथा उपयोग करते हैं ?

(A) क्रियात्मक अवस्था
(B) प्रतिबिम्बात्मक अवस्था
(C) मूर्त संक्रिया अवस्था
(D) संकेतात्मक अवस्था ✓

Q.130

वल्लभभाई पटेल भारत की संविधान सभा की निम्नलिखित में से किन समितियों के सदस्य थे ?
(A) संचालन समिति
(B) राज्य समिति
(C) संघ शक्ति समिति
(D) संघ संविधान समिति
सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) केवल (A) और (B) सही हैं
(B) केवल (A), (B) और (C) सही हैं
(C) केवल (A), (B) और (D) सही हैं
(D) (A), (B), (C) और (D) सही हैं ✓

Q.131

निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(I) अमेरिकी रक्षा सचिव जॉर्ज मार्शल द्वारा 5 जून, 1947 को यूनान और तुर्की की आर्थिक सहायता हेतु मार्शल योजना की घोषणा की गई।
(II) 1949 में संयुक्त राज्य अमेरिका ने पूर्वी यूरोपीय देशों के साथ उत्तर अटलांटिक सन्धि संगठन की स्थापना की।

सही उत्तर है -

(A) केवल कथन (I) सत्य है। ✓
(B) केवल कथन (II) सत्य है।
(C) कथन (I) एवं (II) दोनों सत्य हैं।
(D) कथन (I) एवं (II) दोनों असत्य हैं।

Q.132

सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें और भारत और अमेरिका के मध्य हस्ताक्षरित रक्षा समझौते और वर्ष के सम्बन्ध में सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनें :\n\n

सूची-I (भारत-अमेरिका रक्षा समझौता)	**सूची-II (वर्ष)**
i. बेसिक एक्सचेंज एंड कोऑपरेशन एग्रीमेंट	(a) 2018
ii. लॉजिस्टिक्स एक्सचेंज मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट	(b) 2019
iii. कम्युनिकेशंस कॉम्पैटिबिलिटी एण्ड सिक्योरिटी एग्रीमेंट	(c) 2016
iv. इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी एग्रीमेंट	(d) 2020

(A) i-(d), ii-(c), iii-(b), iv-(a)

(B) i-(d), ii-(c), iii-(a), iv-(b) ✓

(C) i-(a), ii-(b), iii-(d), iv-(c)

(D) i-(b), ii-(d), iii-(a), iv-(c)

Q.133

निम्नलिखित में से किन देशों में बहुमतवादी संसदीय प्रणाली पाई जाती है ?
(i) न्यूज़ीलैंड
(ii) फ़िनलैंड
(iii) इटली
(iv) जर्मनी
सही विकल्प चुनें :

(A) केवल (i) और (ii)

(B) केवल (i) और (iv)

(C) केवल (ii), (iii) और (iv)

(D) (i), (ii), (iii) और (iv) ✓

Q.134

भारत के संविधान के अनुच्छेद 51क (ज) में उल्लिखित शब्दावली का सही क्रम निम्नांकित में कौनसा है?

(A) मानववाद, ज्ञानार्जन की भावना, वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा सुधार

(B) वैज्ञानिक दृष्टिकोण, ज्ञानार्जन की भावना, सुधार तथा मानववाद

(C) वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद और ज्ञानार्जन के सुधार की भावना ✓

(D) ज्ञानार्जन की भावना, मानववाद, वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा सुधार

Q.135

कन्फेडरेशन ऑफ इण्डियन इण्डस्ट्री (सी.आई.आई.) से सम्बन्धित निम्नांकित कथनों पर विचार कीजिए :
(I) इसकी स्थापना 'ई.आई.टी.ए.' के नाम से 1895 में हुई थी ।
(II) संजीव पुरी वर्तमान में (अक्टूबर 2024) सी.आई.आई. के उपाध्यक्ष हैं ।
सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) केवल (I) सही है । ✓
(B) केवल (II) सही है ।
(C) (I) एवं (II) दोनों सही हैं ।
(D) (I) एवं (II) दोनों सही नहीं हैं ।

Q.136

एम.के. गांधी के निम्नांकित में से किस विचार को राम मनोहर लोहिया द्वारा अस्वीकृत किया गया?

(A) धर्म और राजनीति की सुलह ✓
(B) साध्य एवम् साधन सिद्धांत
(C) लघु यंत्र तकनीक
(D) राजनीतिक विकेन्द्रीकरण

Q.137

निम्नलिखित राजनीतिक विचारकों में से किसने महिलाओं के लिए शिक्षा का समर्थन करते हुए "क्रिस्टोमेथिया" नामक नया पाठ्यक्रम तैयार किया ?

(A) जॉन स्टुअर्ट मिल
(B) जीन जैक्स रूसो
(C) जेरेमी बेंथम ✓
(D) जेम्स मिल

Q.138

अच्छे मानसिक स्वास्थ्य के लक्षण हैं : (a) आत्मविश्वास (b) संवेगात्मक अस्थिरता (c) निर्णय लेने की क्षमता (d) नियमित जीवन गतिविधियाँ नीचे दिये गये कूट का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए :

(A) (a) तथा (b)
(B) (a), (b) तथा (c)
(C) (b), (c) तथा (d)
(D) (a), (c) तथा (d) ✓

Q.139

जॉर्ज एच. सबाइन के अनुसार, प्रत्येक राजनीतिक सिद्धांत में निम्नलिखित में से कौन से तत्व शामिल होते हैं ? (i) तथ्यात्मक (ii) कारणात्मक (iii) मूल्यात्मक (iv) प्रवृत्यात्मक सही विकल्प चुनें :

(A) केवल (i), (ii) और (iii) ✓
(B) केवल (i), (ii) और (iv)
(C) केवल (ii), (iii) और (iv)
(D) (i), (ii), (iii) और (iv)

Q.140

भाषाई स्कूल के विद्वान टी.डी. वेल्डन के राज्य के विश्लेषण के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

I. उनकी पुस्तक 'द वोकेबुलरी ऑफ पॉलिटिक्स' है।
II. राज्य की अवधारणा एक निराशाजनक रूप से उलझा हुआ शब्द है, जो अक्सर खतरनाक रूप से भ्रामक रहस्यमय अर्थों से भरा है।
III. राज्य स्पष्टतः उच्च कोटि की दार्शनिक रुचि का विषय है।

सही विकल्प चुनिये :

(A) केवल I और II ✓
(B) केवल II और III
(C) I, II और III
(D) केवल I

Q.141

किसने यह विचार दिया कि राज्य तुलनात्मक स्वायत्तता रखता है और यह तटस्थ मध्यस्थ नहीं होता ?

(A) कार्ल मार्क्स
(B) रोनाल्ड डवोर्किन
(C) हीगल
(D) जेरेमी बेंथम

Q.142

संयुक्त राष्ट्र में भारत की भूमिका के संदर्भ में निम्नांकित में से कौन सा कथन सही नहीं है?

(A) भारत को संयुक्त राष्ट्र की विउपनिवेशीकरण समिति का पहला अध्यक्ष चुना गया था।
(B) विजय लक्ष्मी पंडित संयुक्त राष्ट्र महासभा की अध्यक्ष निर्वाचित होने वाली पहली महिला थी।
(C) 1948 से 2023 तक पूरे विश्व में संयुक्त राष्ट्र के शांति अभियानों में से 71 शांति अभियानों में भारतीयों ने सेवाएँ दी हैं। ✓
(D) 2007 में भारत, संयुक्त राष्ट्र के शांति अभियानों में पूर्णतः महिला दल भेजने वाला पहला देश बना।

Q.143

राजनीतिक सिद्धांत के नव-संस्थागत दृष्टिकोण के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :\n(i) संस्थाओं को स्वतंत्र संस्थाओं के रूप में देखने के बजाय, जिस स्थिति में वे समय और स्थान से लगभग बाहर मौजूद होती हैं, नए संस्थागतवादी इस बात पर जोर देते हैं कि संस्थाएं एक विशेष मानक और ऐतिहासिक संदर्भ में 'अंतर्निहित' होती हैं।\n(ii) राजनीतिक संस्थाओं की अब राजनीतिक संगठनों के साथ बराबरी नहीं की जाती है, उन्हें 'चीजों' के रूप में नहीं बल्कि 'नियमों' के समूह के रूप में देखा जाता है, जो व्यक्तिगत कर्त्ताओं के व्यवहार को निर्देशित या बाधित करते हैं।\nऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(A) केवल (i)
(B) केवल (ii)
(C) (i) और (ii) दोनों ✓
(D) न तो (i) और न ही (ii)

Q.144

बेलगाम सीमा विवाद किन राज्यों के मध्य है ?

(A) कर्नाटक और तमिलनाडु
(B) महाराष्ट्र और कर्नाटक ✓
(C) तमिलनाडु और आंध्रप्रदेश
(D) महाराष्ट्र और आंध्रप्रदेश

Q.145

निम्नलिखित में से कौन सी सम्प्रेषण की आंतरिक बाधा नहीं है ?

(A) पूर्वाग्रह
(B) ध्यान न देना
(C) अदृश्यता ✓
(D) खराब पूर्व ज्ञान

Q.146

अरस्तू के समानता से सम्बन्धित निम्नांकित कथनों पर विचार कीजिए :\n\n** (A) ** अरस्तू के अनुसार कमजोर, समानता हेतु गुट का निर्माण करते हैं और समान, शक्तिशाली बनने हेतु ।\n** (B) ** अरस्तू के अनुसार गुट के निचले स्तर पर हर जगह असमानता है, गुट मनुष्यों द्वारा समानता का प्रयास करने से उत्पन्न होते हैं ।

(A) केवल (A) सही है ।
(B) केवल (B) सही है ।
(C) (A) एवं (B) दोनों सही हैं ।
(D) (A) एवं (B) दोनों सही नहीं हैं ।

Q.147

"सत्र में कांग्रेस सार्वजनिक प्रदर्शन पर कांग्रेस है, जबकि अपने समिति कक्ष में कांग्रेस काम पर कांग्रेस है।" अमेरिका की कांग्रेस के सन्दर्भ में यह कथन निम्नांकित में से किसका है?

(A) वुडरो विल्सन
(B) जेम्स ब्राइस
(C) आर.एम. मैकाइवर
(D) एच.जे. लास्की

Q.148

हिंदू जाति व्यवस्था के भीतर उर्ध्वगामी गतिशीलता की प्रक्रिया को समझने के लिए एम.एन. श्रीनिवास ने अपनी कृति 'दक्षिण भारत के कूर्गों में धर्म और समाज' में सबसे पहले किस शब्द का प्रयोग किया था ?

(A) पश्चिमीकरण
(B) आधुनिकीकरण
(C) शहरीकरण
(D) संस्कृतिकरण ✓

Q.149

प्रत्येक राजनीतिक व्यवस्था में उठने वाली मांगों को विनियमित करने के तंत्र को ईस्टन द्वारा निम्नलिखित में से किस व्यापक प्रकार में वर्गीकृत किया गया है ?

(i) द्वारबन्दी
(ii) सांस्कृतिक प्रक्रियाएँ और सामाजिक-सांस्कृतिक आदर्श
(iii) सम्प्रेषण उपकरण
(iv) विस्तार प्रक्रियाएँ

सही विकल्प चुनें :

(A) केवल (i), (ii) और (iii)
(B) केवल (i), (iii) और (iv)
(C) केवल (ii), (iii) और (iv)
(D) (i), (ii), (iii) और (iv) ✓

Q.150

निम्नलिखित में से किन स्थापित लोकतंत्रों में राज्य का प्रमुख सम्राट होता है?

I. बेल्जियम

II. जापान

III. नीदरलैंड

IV. स्पेन

V. स्वीडन

(A) केवल I, II, IV और V

(B) केवल II, III और IV

(C) केवल I, III, IV और V

(D) I, II, III, IV और V



Testline app में यह पूरा पेपर solution के साथ हल करें

testline.in